रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

मतदाता जागरूकता हेतु जिला प्रशासन गोंडा द्वारा आयोजित वाकथान में एनसीसी कैडेटों की सक्रिय भागीदारी

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत वर्ष 2024 चुनावी वर्ष रहा और मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करना तथा नए मतदाताओं का पंजीकरण, भारत सरकार एवं चुनाव आयोग की प्राथमिकताओं में शामिल होना स्वाभाविक है। इस हेतु जिला प्रशासन स्तर पर स्वीप तथा अन्य सभी पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस कड़ी में श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के एनसीसी कैडेटों ने बढ़ चढ़कर गतिविधियों में प्रतिभाग किया, जिसके अन्तर्गत 30 मार्च, 2024 को वाकथान का आयोजन जिला प्रशासन गोंडा की ओर से जन जागरूकता हेतु किया गया, जिसमें संपूर्ण जिले से लगभग 20000 युवाओं, छात्र छात्राओं आदि ने प्रतिभाग करते हुए मतदान के दिन मतदेय स्थलों तक अवश्य जाने की बात दोहराई ।

इस दौरान 72 एनसीसी कैडेटों ने जागरूकता रैली के साथ वाक्थान में प्रतिभाग किया और अन्य छात्र छात्राओं को उत्साहित करते हुए महाविद्यालय के लगभग 1000 छात्र छात्राओं को इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया ।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम" के उदघोष के बीच यह कार्यक्रम उत्साहवर्धक ढंग से सकुशल सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम शहर के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज गोंडा के मैदान से शुरू होकर सड़क मार्ग से गुरुनानक चौक होते हुए, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के प्रांगण में समाप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह मैडम, सचिव श्री उमेश शाह जी, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार, प्रो जितेंद्र सिंह, प्रो आर बी एस बघेल, प्रो शैलेंद्र नाथ मिश्र, प्रो जयशंकर तिवारी, डा पुष्यमित्र मिश्र, डा चमन कौर, डा रेखा शर्मा समेत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

-डॉ. अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर
एन.सी.सी. उप-इकाई

PRINCIPAL
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE
GONDA (UP)

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA

राष्ट्रीय कैडेट कोर
मतदाता जागरूकता अभियान
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा
वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
" गोण्डा को जगाना है, शत् प्रतिशत मतदान कराना है "
लोकसभा चुनाव - मतदान तिथि : 20 मई 2024

राष्ट्रीय कैडेट कोर
मतदाता जागरूकता अभियान
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा
वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
" गोण्डा को जगाना है, शत् प्रतिशत मतदान कराना है "
लोकसभा चुनाव - मतदान तिथि : 20 मई 2024
ICICI Bank

राष्ट्रीय कैडेट कोर
मतदाता जागरूकता अभियान
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा
वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
“ गोण्डा को जगाना है, शत प्रतिशत मतदान कराना है ”
लोकसभा चुनाव - मतदान तिथि : 20 मई 2024

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, जनपद- गोण्डा
(SVEEP)
"Systematic Voter Education and Electoral Participation